# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक सत्र– 2025–29 के प्रथम छमाही में अबतक के नामांकन उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर छात्र–हित में ***ऑनलाईन ऑन–स्पॉट*** नामांकन का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अभ्यर्थी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर निम्न कार्यक्रम के अनुसार नामांकन प्रक्रिया में प्रवेश कर सकते हैं :–

- ***दिनांक– 10.10.2025*** को रिक्ति का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 11.10.2025 से 12.10.2025 तक*** अबतक आवेदित किन्तु अनामांकित इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय का पुनः चयन एवं विषय (Major) परिवर्तित कर सकते हैं। महाविद्यालय तथा विषय परिवर्तन (Slide-up) **पहले आओ–पहले पाओ** के नीति पर सम्पन्न होगा। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल **दिनांक– 11.10.2025** को ***ऑनलाईन ऑन–स्पॉट राउण्ड हेतु पूर्वाह्ण 11:30 बजे*** से सक्रिय (Active) होगा। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
- ***दिनांक– 11.10.2025 से 12.10.2025 तक*** नामांकन के इच्छुक नये अभ्यर्थियों का भी रिक्ति के विरूद्ध निर्धारित शुल्क 700/– (सात सौ) रूपये के साथ आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। यह प्रक्रिया भी ***पहले आओ–पहले पाओ*** के नीति पर पूरी की जायेगी। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय नामांकन पोर्टल **दिनांक– 11.10.2025** को ***पूर्वाह्ण 11:30 बजे*** से सक्रिय (Active) होगा।
- ***दिनांक– 13.10.2025*** को चयन सूची एवं चयन–पत्र का प्रकाशन।
- ***दिनांक– 14.10.2025 एवं 15.10.2025*** को चयनित अभ्यर्थियों का आवंटित महाविद्यालय में अभिलेख सत्यापन एवं नामांकन।

आवेदन करने के क्रम में अभ्यर्थियों को निदेशित किया जाता है कि सभी जानकारी यथा– लिंग, प्राप्तांक, केटेगरी इत्यादि सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि जाँचोपरान्त गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी का आवेदन वगैर पूर्व जानकारी के निरस्त कर दी जायेगी।

**कुलपति महोदय के आदेशानुसार।**

10.10.25

**अध्यक्ष,छात्र–कल्याण**

10/10/25